पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)
————

स्वतंत्रता दिवस पर राजभवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

————

आज के बच्चे कल का भविष्य – श्रीमती आनंदीबेन पटेल

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजभवन में आयोजित हुआ स्वल्पाहार कार्यक्रम

————

राज्यपाल जी से राजभवन में मुख्यमंत्री एवं गणमान्य व्यक्तियों ने मिलकर स्वतंत्रता दिवस की बधाई का आदान–प्रदान किया

————

लखनऊ : 16 अगस्त, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से 76वें स्वतंत्रता दिवस व स्वाधीनता के अमृत महोत्सव के अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के सौजन्य से राजभवन में 15 अगस्त, 2022 को राजभवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें नाट्य शास्त्र की विभिन्न विधाओं के माध्यम स्वतंत्रता की गहराइयों को प्रदर्शित करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये, जिनका राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल, अपर मुख्य सचिव राज्यपाल श्री महेश कुमार गुप्ता, विशेष सचिव श्री बी0एन0 सिंह तथा लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति डा0 आलोक कुमार राय सहित राजभवन के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों व उनके बच्चों ने अवलोकन किया।

राज्यपाल जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अमृत महोत्सव के माध्यम से देश की 130 करोड़ से अधिक की आबादी को प्रोत्साहित किया और बच्चे, युवा, किसान, वृद्ध सभी के दिलों में देश के लिए एक नई ऊर्जा का संचार किया ताकि वे इस बात को भली–भांति जान सके कि आजादी हमें कितने संघर्षों

और बलिदानों के बाद प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि हमारे स्वतंत्रता सेनानी निःस्वार्थ भाव से स्वतंत्रता के लिए लड़े। उनका नारा था 'करो या मरो लेकिन अब हमें अपने देश के लिए कुछ कर गुजरना है। उन्होंने कहा कि हमारे छात्र–छात्राएं कौशल से भरे हुए हैं। जरूरत है उन्हें उचित प्लेटफार्म और अच्छे संस्कार देने की। इसलिए हमारे शिक्षण संस्थाओं को चाहिए कि वे अपने पाठ्यक्रमों में शिक्षाप्रद कहानियों को शामिल करें और बच्चों तक पहुंचाएं।

राज्यपाल जी ने कहा कि बच्चे पहले दादा–दादी, नाना–नानी से आजादी की कहानियां सुनते थे, जिससे वे संस्कारवान बनते थे। हमें पुनः अपनी पुरानी संस्कृति को जीवित करना है। उन्होंने कहा कि आज देश में पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण से जुड़ी जितनी भी समस्याएं हैं, उनके निदान के लिए हमें पूरे दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ना है। राज्यपाल जी ने कहा कि आज के बच्चे कल का भविष्य हैं, अतः उनके सामने विभिन्न माध्यमों से सकारात्मक एवं कल्याणकारी संदेश जाना चाहिए और यह कार्य हमारी शिक्षण संस्थाओं को करना है। जब हम प्रयास करते हैं तो सफलता निश्चित रूप से मिलती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जब किसान पसीना बहाता है तभी हमें खाद्यान मिलता है और हम सभी का पेट भरता है। इसी प्रकार लखनऊ विश्वविद्यालय ने सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए नैक मूल्यांकन के लिए प्रयास किया और सफलता हासिल की।

इसके पूर्व एक अन्य कार्यक्रम में 76 वें स्वतंत्रता दिवस व स्वाधीनता के अमृत महोत्सव के अवसर पर शाम को राजभवन में स्वल्पाहार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ,उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक, महापौर श्रीमती संयुक्ता भाटिया, अपर मुख्य सचिव गृह श्री अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव सूचना श्री नवनीत सहगल, सहित वरिष्ठ अधिकारियों तथा गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर राज्यपाल जी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।

––––––

राजभवन (61/61)

मुलाकात फोटो

मुलाकात फोटो

राजभवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम फोटो

मुलाकात फोटो

राजभवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम फोटो



राजभवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम फोटो

राजभवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम फोटो